# आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 30.06.2025 समय : 1905

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा – प्रौद्योगिकी, पशु चिकित्सा औषधि के क्षेत्र में क्रांतिकारी परिवर्तन लाने की क्षमता रखती है।
- सरकार ने कृषि वानिकी को बढ़ावा देने के लिए कृषि भूमि पर पेड़ों की कटाई के लिए मॉडल नियम जारी किए हैं।
- औषधि निरीक्षक ने मध्योत्तर अंडमान की निजी फार्मेसियों का निरीक्षण किया।
- खराब मौसम के चलते मछुआरों को दो जुलाई तक समुद्र में न जाने की सलाह दी गई है।

**<><><><><><><>**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा है कि अन्य क्षेत्रों की तरह प्रौद्योगिकी पशु चिकित्सा औषधि और देख–रेख में क्रांतिकारी परिवर्तन लाने की क्षमता रखती है। राष्ट्रपति ने कहा कि प्रौद्योगिकी का उपयोग देशभर के पशु चिकित्सा अस्पतालों को सशक्त बना सकता है।

राष्ट्रपति ने कहा कि आज वन हेल्थ की अवधारणा विश्वभर में महत्वपूर्ण हो रही है। इस अवधारणा में माना गया है कि मानव, घरेलू और जंगली पशु, वनस्पति और पर्यावरण सभी एक–दूसरे पर आश्रित हैं।

केन्द्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान ने अपने अनुसंधान और बीमारी की पहचान के जरिए विश्व को दिशा दिखाई है। इस संस्थान ने न केवल पशु चिकित्सा अनुसंधान में, बल्कि ग्रामीण विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

**<><><><><><><>**

सरकार ने कृषि वानिकी को बढ़ावा देने के लिए कृषि भूमि पर पेड़ों की कटाई के लिए मॉडल नियम जारी किए हैं। इनका उद्देश्य किसानों की आय को दोगुना करना, वनों के बाहर पेड़ों की संख्या बढ़ाना, जलवायु परिवर्तन को रोकना, लकड़ी के आयात को कम करना एंव भूमि के समावेशी उपयोग को सुनिश्चित करना है। यह नियम पेरिस समझौते के तहत भारत के जलवायु लक्ष्यों के पक्ष में हैं। पर्यावरण मंत्रालय ने सभी राज्यों के मुख्य सचिवों को भेजे पत्र में कहा है कि इनका उद्देश्य कृषि वानिकी में व्यवसाय करने की

सुगमता को बढ़ावा देना है। यह नियम किसानों को बिना किसी अनावश्यक प्रक्रियागत बाधाओं के अपनी फसलों में पेड़ों को शामिल करने के लिए प्रोत्साहित करेंगे। मॉडल नियमों के अनुसार, लकड़ी आधारित उद्योग स्थापना और विनियमन दिशानिर्देश, 2016 के तहत पहले से गठित राज्य स्तरीय समिति इन नियमों के लिए भी समिति के रूप में कार्य करेगी। इसमें अब राजस्व और कृषि विभागों के अधिकारी भी शामिल होंगे। समिति राज्य सरकार को कृषि वानिकी को बढ़ावा देने के विषय में सलाह देगी। जिसमें पेड़ों की कटाई और पारगमन के नियमों को सरल बनाना, कृषि भूमि से लकड़ी का उत्पादन बढ़ाना, विशेषकर वाणिज्यिक मूल्य वाली प्रजातियों से संबंधित विषय शामिल होंगे। आवेदकों को अपनी बागान भूमि को राष्ट्रीय इमारती लकड़ी प्रबंधन प्रणाली पोर्टल पर पंजीकृत करना होगा। उन्हें भूमि स्वामित्व विवरण और अपनी कृषि भूमि का स्थान दर्ज करना होगा।

<><><><><><><>

सरकारी आरा मिल, बेटापुर के पास स्टॉक में विभिन्न श्रेणियों में विभिन्न आकारों की पर्याप्त मात्रा में लकड़ी उपलब्ध है। इस सिलसिले में आम जनता, निजी फर्म, सरकारी या निजी संगठन, एस एस आई इकाइयां और ठेकेदार अपने आवश्यकतानुसार  है तो वे आरा मिल के सहायक वन संरक्षक के पास उचित प्रामाणिक दस्तावेज प्रस्तुत कर सकते हैं। इसके बाद संबंधित व्यक्ति इंडेंट फॉर्म एकत्र कर सकता है और सभी कार्य दिवसों में उपलब्धता के अनुसार लकड़ी एकत्र कर सकता है। छोटी लंबाई की सभी श्रेणियों पर 25 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। अधिक जानकारी के लिए ए सी एफ, से किसी भी कार्य दिवस में सुबह छः बजे से शाम तीन बजे के बीच संपर्क किया जा सकता है।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार एंटी–नारकोटिक फोर्स के गठन के बाद कार्रवाई करते हुए औषधि निरीक्षक नलनी ने औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम, 1940 के विभिन्न प्रावधानों के कार्यान्वयन में लाइसेंसिंग प्राधिकरण की ओर से हाल ही में समाज कल्याण विभाग, मायाबंदर, पुलिस थाना रंगत, बिलिग्राउंड और डिगलीपुर के अधिकारियों के साथ मध्योत्तर अंडमान की निजी फार्मेसियों में मादक पदार्थों का निरीक्षण किया। इसके अलावा पुलिस थाना रंगत और डिगलीपुर में निजी फार्मेसी मालिकों और फार्मासिस्टों के साथ जागरूकता बैठक आयोजित की गई और खुदरा दवा लाइसेंस की विभिन्न शर्तों के बारे में हितधारकों के साथ विस्तार से चर्चा की। बैठक में अनुसूची एच और एच1 दवा रजिस्टर के उचित रखरखाव, न्यूनतम 30 दिनों के

बैकअप के साथ सीसीटीवी कैमरे की अनिवार्य स्थापना और जारी किए गए ड्रग लाइसेंस का उचित प्रदर्शन करने की सलाह दी। आम जनता से खुदरा फार्मेसी स्टोरों में या उसके आसपास किसी भी प्रकार के नशीली दवाओं के दुरुपयोग की सूचना स्वास्थ्य विभाग को देने का अनुरोध किया गया है।

<><><><><><><>

द्वीपों के अधिकांश भागों में वर्षा हुई। आज सुबह साढ़े आठ बजे तक श्री विजयपुरम में सड़सठ दशमलव सात मिलीमीटर, लांग आइलैंड में चौवन दशमलव आठ, हटबे में बयालीस दशमलव छः, मायाबंदर में चौबीस दशमलव छः, वायुसेना केन्द्र कार निकोबार में पांच और ननकौड़ी में दो दशमलव एक मिलीमीटर वर्षा रिकॉर्ड की गई। कल के लिए मौसम संबंधी पूर्वानुमान में बताया गया है कि तेज हवा के साथ बारिश होगी। समुद्र काफी अशांत रहेगा। मछुआरों को दो जुलाई तक समुद्र में न जाने की सलाह दी गई है।

<><><><><><><>

केन्द्रीय पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने कहा है कि केन्द्र सरकार देश में पांच हजार किलोमीटर नौगम्य जलमार्गों को व्यावसायिक बनाने का लक्ष्य रखती है। इससे आसियान देशों को क्रूज से जोड़ना संभव हो सकेगा। पहले एशियाई भारत क्रूज संवाद के उद्घाटन में उन्होंने कहा कि सरकार की सागरमाला पहल 2029 तक दस लाख यात्रियों का लक्ष्य रखती है। श्री सोनोवाल ने कहा कि पिछले 11 वर्षों में सरकार ने नीति, विधायी, कराधान और अवसंरचना में सुधार पर कई पहल की गई है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा है कि देश के तटों पर संपर्क बढ़ाने और सीमा शुल्क एवं आव्रजन को सक्षम बनाने के लिए सार्वजनिक निजी भागीदारी को सक्षम करने का यह सही समय है। उन्होंने कहा कि क्रूज पर्यटन आधुनिक विश्व में प्राचीन संस्कृति को पुनर्जीवित करने एक आशाजनक अवसर प्रदान करता है। उन्होंने जीवंत तटीय शहरों और सांस्कृतिक स्थलों को जोड़ने वाले नए सर्किटों के निर्माण और संवर्धन के लिए आसियान देशों के साथ मिलकर चलने के लिए भारत की दृढ़ प्रतिबद्धता दोहराई। श्री सोनोवाल ने कहा कि नरेन्द्र मोदी की सरकार 2047 तक विकसित भारत बनाने और 2045 तक आसियान समुदाय विजन का लक्ष्य रखती है।

<><><><><><><>

9वीं परिचय मेमोरियल ओपन स्टेट बैडमिंटन चैंपियनशिप 2025 का समापन हाल ही में नेताजी स्टेडियम के बहुद्देशीय सभागार में हुआ। ये 5 दिवसीय चैंपियनशिप अंडमान निकोबार द्वीप समूह बैडमिंटन एसोसिएशन

की ओर से अंडमान निकोबार राज्य ओलंपिक संघ के समन्वय से ओलंपिक दिवस 2025 के उपलक्ष्य में आयोजित की गई है। इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजेश देव मुख्य अतिथि, जबकि अंडमान लक्षद्वीप बंदरगाह निर्माण कार्य के उप–मुख्य अभियंता, मैकेनिकल डी. सत्यमूर्ति के सम्माननीय अतिथि के रूप में उपस्थित थे। उन्होंने विजेताओं को पदक और प्रमाण पत्र वितरित किए और इस बात पर जोर दिया कि यह चैंपियनशिप व्यक्तित्व विकास और खेलों के कौशल को दिखाने के लिए बहुत महत्वपूर्ण है।

<><><><><><><>

श्री विजयपुरम के डीब्रेट और सरकारी पॉलिटेक्निक डिगलीपुर में प्रवेश के इच्छुक पात्र उम्मीदवार, जो कॉमन कॉलेज एडमिशन पोर्टल में प्रवेश के पहले चरण में आवेदन नहीं कर सके, उनसे आवेदन करने का अनुरोध किया गया है। पोर्टल कल से नौ जुलाई तक खुला रहेगा।

<><><><><><><>